**निर्धारित योजना कार्यक्रम के अनुसार राज्यों द्वारा कार्य पूरा किया जाना**

7193. **श्री कृष्ण दत्त सुल्तानपुरी :** क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन राज्यों के नाम क्या हैं जिन्होंने योजना प्रावधानों में नियत राशि का उपयोग किया है और निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार काम पूरा किया है; और

(ख) ऐसे राज्यों की संख्या कितनी है जिन्होंने निर्धारित योजना के अनुसार काम पूरा नहीं किया है और इसके क्या कारण हैं ?

**योजना मन्त्री (श्री एस० बी० चव्हाण):** (क) और (ख) राज्यों ने योजना प्रावधान का पूरी तरह से उपयोग किया है जैसा कि नीचे दी गई सारणी से स्पष्ट है :—

(करोड़ रु०)

| | अनुमोदित परिव्यय | व्यय |
|---|---|---|
| 1980-81 | 7255.59 | 7340.60 |
| 1981-82 | 8223.86 | 8427.07 |

वर्ष 1980-81 और वर्ष 1981-82 की वार्षिक योजनाओं में निर्धारित किए गए लक्ष्यों की तुलना में राज्यों की उपलब्धियां वर्ष 1981-82 और वर्ष 1982-83 के वार्षिक योजना दस्तावेजों में बताई गई हैं जो संसद में पहले ही रखे जा चुके हैं।

**पर्यावरण बटालियन**

7194. **श्री विरदा राम फुलवारिया :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या टेरिटोरियल आर्मी में कोई पर्यावरण बटालियन बनाई गई है;

(ख) यदि हां, तो उस बटालियन में कितने सैनिक कर्मचारी भर्ती किए जाने हैं तथा इसके लिए कुल कितना वित्तीय प्रावधान किया गया है;

(ग) पर्यावरण के संरक्षण के लिए इस बटालियन को कितने राज्यों में रखा जाएगा; और

(घ) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

**पर्यावरण विभाग में उप-मन्त्री (श्री दिग्विजय सिंह) :** (क) जी, हां। एक पारि-विकास कार्य बल की स्थापना की गई है।

(ख) पारि-विकास कार्य बल में 100 व्यक्तियों की दो कम्पनियां हैं तथा एक मुख्यालय है जिसमें 43 आदमी हैं। 1982-83 के दौरान इस कार्य बल के लिए कुल वित्तीय प्रावधान 20.00 लाख रु० था।

(ग) और (घ) कार्य बल केवल उत्तर प्रदेश में मृदा संरक्षण तथा वनरोपण के साथ-साथ अनाच्छादित शिवालिक ढालुओं में संरक्षण कार्यों की संरचना के लिए नियुक्त की जाती है।

**Obstacles raised by Italian firm on export of Scooters.**

7195. SHRI SUSHIL BHATTACHARYA : Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state :

(a) whether India's interest is not hampered by Government's allowing two Indian companies to collaborate with an Italian firm which has stood in the way of our export expansion by putting obstacles in the sale of Indian scooters in other countries ; and

(b) if so, whether Government propose to take immediate steps to make the Italian firm stop its anti-export measures of Indian goods as a precondition for its continuance as a collaboration ?